Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to enact law for having maximum two children.

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): धन्यवाद, अध्यक्ष महोदया । आपने मुझे आज़ाद भारत की सबसे बड़ी समस्या – जनसंख्या के ऊपर शून्य काल में बोलने का अवसर प्रदान किया है, इसलिए मैं आपका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

मैडम, मैं ढ़ाई मिनट में ही अपनी बात समाप्त करूँगा। मैं जानता हूं कि शून्य काल सदस्यों के लिए कितना महत्वपूर्ण है, भले ही बीच-बीच में बोलने वाले कुछ सदस्य उस समय को खराब करते हैं।

अध्यक्ष जी, मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि पिछली सरकारों के गलत नीतियों के कारण इस देश में जनसंख्या लगातार बढ़ रही है। आज सड़कों की समस्या है, हम सिंगल-लेन से टू-लेन, फोर-लेन तथा सिक्स-लेन हो रहे हैं; फिर भी सड़कों पर जगह नहीं मिल रहा है। हम रेलवे ट्रैक को लगातार बढ़ा रहे हैं, फिर भी समस्या बनी हुई है। प्लेटफार्मों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन उसके उपयोग करने वालों की संख्या भी बढ़ रही है।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं कि जिस देश में ट्रैफिक की समस्या हो, सड़कों पर चलने के लिए स्थान न हो, जॉब के लिए क्राइसिस हो, जहां खेती की ज़मीन घट रही हो और हम पिछली सरकारों की गलत नीतियों के कारण इन चीजों को छोड़ दें, यह उचित नहीं है। चीन में हम से ज्यादा भूमि है, फिर भी उसने जनसंख्या-नियंत्रण पर काम किया। यहां तक बांग्लादेश ने भी जनसंख्या को रोकने के लिए चिंता की। लेकिन हिन्दुस्तान में जहां ट्रेनों में जगह नहीं है, हॉस्पिटल्स में बेड नहीं है, नौज़वान जॉब्स के लिए पलायन कर रहे हैं।

मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि इस देश के नागरिक कम से कम खुले में ऑक्सीजन ले सकें, इसके लिए हमारी सरकार माननीय मोदी जी के नेतृत्व में अच्छा काम कर रही है।…(व्यवधान)

माननीय मोदी जी जिस प्रकार से डिमोनेटाइजेशन कर सकते हैं, जीएसटी ला सकते हैं, उनके जैसा नेतृत्व ही इस देश में जनसंख्या पर कानून बनाने का काम कर सकता है।…(व्यवधान) इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि इस देश में धर्म, जाति तथा संप्रदाय से ऊपर उठकर एक कानून बने; दो बच्चों का कानून देश के सभी नागरिकों पर लागू हो।…(व्यवधान) जो इस कानून का उल्लंघन करें, उनको सरकारी नौकरियों से वंचित किया जाएं, मताधिकार के प्रयोग से उन्हें वंचित किया जाएं ताकि हिन्दुस्तान में लोग पर्याप्त सुविधाओं का सही लाभ ले सकें।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:

श्री अरविंद सावंत,

श्री प्रतापराव जाधव,

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे,

प्रो. रविन्द्र विश्वनाथ गायकवाड़,

श्री दुष्यंत चौटाला,

श्री राहुल शेवाले,

डॉ. प्रीतम गोपीनाथ मुंडे,

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री उदय प्रताप सिंह,

श्री शरद त्रिपाठी,

श्रीमती ज्योति धुर्वे,

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल,

श्री ए.टी.नाना पाटील,

श्री रोड़मल नागर,

श्री सुधीर गुप्ता,

श्री निशिकान्त दुबे,

श्री नारणभाई काछड़िया,

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय,

श्री शिवकुमार उदासि,

डॉ. संजय जायसवाल तथा

श्री देवजी एम. पटेल को श्री उदय प्रताप सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।